प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)

वर्चुअल प्रशिक्षण–बकरी पालन

विश्वविद्यालय के समेटी–उत्तराखण्ड (प्रसार शिक्षा निदेशालय) एवं राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबन्ध संस्थान (मैनेज), हैदराबाद के संयुक्त तत्वाधान में 'बकरी पालन–एक लाभकारी व्यवसाय' विषयक तीन–दिवसीय वर्चुअल प्रशिक्षण दिनांक जून 20–22, 2024 तक आयोजन किया गया।

वर्चुअल प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र में निदेशक प्रसार शिक्षा डा. जितेन्द्र क्वात्रा ने कहा कि आय सृजन हेतु बकरी पालन व्यवसाय विशेष रूप से लघु एवं सीमान्त कृषकों के लिए वरदान साबित हो सकता है। इस व्यवसाय से कृषक बहुत कम समय में अपनी आय में कई गुना वृद्धि कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि फसल उत्पादन के साथ–साथ बकरी पालन कृषकों हेतु लाभकारी उद्यम हो सकता है। डा. शाहजी फण्ड, वरिष्ठ वैज्ञानिक, मैनेज हैदराबाद एग्री क्लीनिक व एग्री बिजनेस सेन्टर सहित संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्राध्यापक, प्रसार शिक्षा निदेशालय डा. बी.डी. सिंह द्वारा अतिथियों के स्वागत सहित ऑनलाइन प्रशिक्षण की विस्तृत रूप–रेखा एवं मैनेज के समन्वयन से संचालित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में प्रतिभागियों को जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान विश्वविद्यालय के पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय तथा मैनेज के वैज्ञानिकों द्वारा बकरियों की उन्नत नस्ल, आवास एवं खानपान व्यवस्था, बकरी के बच्चों की समुचित देखभाल, प्रजनन, बकरी के दूध एवं मांस के मूल्यवर्धित उत्पाद, बकरियों के प्रमुख रोग एवं निदान, बकरी पालन सम्बन्धी सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस वर्चुअल प्रशिक्षण में उत्तराखण्ड, उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र इत्यादि राज्यों से लगभग 45 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों में कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक, पशुपालन विभाग एवं आतमा के अधिकारी, उद्यमी, स्टार्टअप के प्रतिनिधि, स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि, प्रगतिशील कृषक उपस्थित थे।



10. वर्चुअल प्रशिक्षण में प्रतिभाग करते प्रतिभागी।

निदेशक संचार